राहुल-तेजस्वी दोनों सत्ता से दूर रहेंगे : शाह

▶ मुजफ्फरपुर जिले में शाह ने रैली को किया संबोधित

मुजफ्फरपुर, 2 नवंबर. केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को आरोप लगाया कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता लालू प्रसाद यादव चाहते हैं कि उनके पुत्र तेजस्वी यादव मुख्यमंत्री बनें, जबकि कांग्रेस नेता सोनिया गांधी चाहती हैं कि उनके पुत्र राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनें, लेकिन बिहार में नीतीश कुमार हैं और दिल्ली में नरेन्द्र मोदी, इसलिये न तेजस्वी मुख्यमंत्री बन सकते हैं, न ही राहुल प्रधानमंत्री.

शाह ने मुजफ्फरपुर जिले में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) प्रत्याशियों के समर्थन में आयोजित रैली को संबोधित करते हुये कहा कि लालू यादव और सोनिया गांधी दोनों को देश की नहीं, अपने परिवार की चिंता है. उन्होंने कहा कि लालू चाहते हैं उनका बेटा मुख्यमंत्री बनें. वहीं सोनिया गांधी चाहती हैं उनके बेटे प्रधानमंत्री बने, लेकिन बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार हैं और दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है, इसलिए न तेजस्वी मुख्यमंत्री बन सकते हैं, न राहुल प्रधानमंत्री .शाह ने प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री कुमार की जोड़ी को विकास की गारंटी बताया और कहा कि बिहार को जंगलराज से निकालकर विकास की राह पर लाने का काम मोदी-नीतीश की जोड़ी ने किया है. उन्होंने कहा कि यह सब लालू-राबड़ी राज में नहीं हो सकता था.

शाह का लालू प्रसाद यादव पर हमला

लालू-राबड़ी शासनकाल में यहां पर गोपालगंज के तत्कालीन जिलाधिकारी कृष्णैया की पीट-पीटकर हत्या की गई. उन्होंने आरोप लगाया कि यदि फिर से लालू के बेटे मुख्यमंत्री बनते हैं तो बिहार में तीन नए मंत्रालय खुलेंगे. एक अपहरण, दूसरा रंगदारी और तीसरा हत्या को बढ़ावा देने वाला मंत्रालय खुलेगा. शाह ने राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव पर हमला करते हुए कहा कि उन्होंने बिहार के लिए कुछ नहीं किया. उन्होंने कहा कि यादव ने सिर्फ घोटाले किए और घोटालों की लाइन लगा दी. उन्होंने चारा घोटाला, लैंड फॉर जॉब घोटाला, होटल बेचने का घोटाला और अलकतरा घोटाला का जिक्र किया.

केन्द्रीय मंत्री शाह ने कहा कि राजद के 1990-2005 के शासनकाल में बिहार में अपहरण, रंगदारी और हत्याओं की घटनाएं चरम पर थीं. उन्होंने कहा कि उस दौर में प्रतिदिन औसतन 10-15 अपहरण दर्ज होते थे और कानून-व्यवस्था की स्थिति इतनी खराब थी कि निवेशक भागने लगे थे. उन्होंने कहा कि राजद के राज में बिहार लालटेन युग में जी रहा था .न बिजली, न सड़कें, न रोजगार. अब राजग सरकार ने बिहार को पटरी पर ला दिया है. शाह ने कहा कि लालू यादव और राबड़ी देवी के राज में बिहार का जो पतन हुआ.

बारिश का दौर खत्म, अब पारा गिरेगा

तूफान 'मोन्था' थमा, ठंड बढ़ेगी और हवा दमघोंटू बनेगी

नई दिल्ली, 2 नवंबर. तूफान 'मोन्था' का असर खत्म होने के बाद अब देश के कई हिस्सों में मौसम बदलने वाला है. जहां एक ओर बारिश से राहत मिलेगी, वहीं उत्तर भारत में सर्दी दस्तक देगी और दिल्ली की हवा और जहरीली हो गई है.

मौसम विभाग के अनुसार अरब सागर में बना डिप्रेशन सिस्टम कमजोर पड़ गया है और अब दक्षिण-पश्चिम भारत में बारिश रुकने लगी है. हालांकि राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब और हिमाचल प्रदेश में 3 और 4 नवंबर को पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टरबेंस) के सक्रिय होने से हल्की बारिश और बर्फबारी की संभावना है. हिमाचल के कुकुमसेरी में तापमान माइनस 1.2 डिग्री और ताबो में माइनस 0.8 डिग्री दर्ज किया गया है.

दिल्ली-एनसीआर में हवा की गुणवत्ता बेहद खराब हो गई है. रविवार को कई इलाकों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 420 के पार पहुंच गया. एम्स क्षेत्र में हवा सबसे अधिक प्रदूषित दर्ज की गई. दिल्ली सरकार ने बीएस-3 और उससे पुराने डीजल चालित वाहनों की राजधानी में एंट्री पर रोक लगा दी है. बीएस-4 और बीएस-6 मानक वाले वाहन, सीएनजी, एलएनजी और ईवी ट्रांसपोर्ट ही चल सकेंगे. गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र में लगातार बारिश से जूनागढ़ जिला सबसे अधिक प्रभावित है.

दिल्ली के दमघोंटू प्रदूषण पर तुरंत कदम उठे

'दमघोंटू हवा' पर प्रियंका गांधी ने जताई चिंता

नई दिल्ली, 2 नवंबर. कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने दिल्ली में गंभीर वायु प्रदूषण पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुये केंद्र एवं राज्य सरकारों से समन्वित कार्रवाई की तत्काल अपील की है.

उन्होंने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दमघोंटू वायु प्रदूषण को देखते हुये इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करने और उसे कम करने की अपील की है. उन्होंने कहा कि इसका असर बच्चों, वरिष्ठ नागरिकों और सांस रोगों से पीड़ित मरीजों पड़ता है.उन्होंने इस स्थिति से निपटने का आह्वान करते हुए कहा, इस शहर पर प्रदूषण का जबदस्त आवरण है. अब समय आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर इस बारे में कुछ करें.वाड्रा ने सरकारों से तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया और अपनी पार्टी की ओर से समर्थन की पेशकश करते हुये कहा केंद्र और राज्य सरकारों को तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है. इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएँगे, हम उनका समर्थन और सहयोग करेंगे. गौरतलब है कि दिल्ली की वायु गुणवत्ता एक गंभीर समस्या बनी हुई है. सर्दियों के महीनों में राजधानी में अक्सर प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच जाता है.

अब समय आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर इस बारे में कुछ करें. वाड्रा ने सरकारों से तुरंत कार्रवाई करने का आग्रह किया और अपनी पार्टी की ओर से समर्थन की पेशकश करते हुए कहा कि केंद्र और राज्य सरकारों को तुरंत कार्रवाई करने की आवश्यकता है. इस भयावह स्थिति को कम करने के लिए वे जो भी कदम उठाएँगे, हम उनका समर्थन और सहयोग करेंगे। दिल्ली की वायु गुणवत्ता एक गंभीर समस्या बनी हुई है. सर्दियों के महीनों में राजधानी में अक्सर प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुँच जाता है, जिसके कारण सरकारी उपायों की नाकामी की व्यापक आलोचना होती है.

नाइजीरिया ने ट्रंप के आरोपों को नकारा

अबुझा, 02 नवंबर. नाइजीरिया के राष्ट्रपति बोला टीनुबू ने नाइजीरिया में ईसाइयों की हत्या के संबंध में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आरोपों का खंडन किया. उन्होंने कहा कि यह नाइजीरिया की धार्मिक वास्तविकता का गलत चित्रण है और इससे धार्मिक स्वतंत्रता के प्रति देश की संवैधानिक प्रतिबद्धता जाहिर नहीं होती है. अमेरिका राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया ट्रूथ सोशल पर एक पोस्ट के माध्यम से नाइजीरिया पर आरोप लगाया था. वहां इस्लामी आतंकवादी जानबूझ कर ईसाइयों की हत्या कर रहे हैं. उन्होंने कहा था कि अगर नाइजीरिया में यह जनसंहार नहीं रोका तो अमेरिका नाइजीरिया को देने वाली सारी सहायताएं रोक देगा.

वेकोलि को दस पुरस्कारों से नवाजा गया

कोल इंडिया के स्थापना दिवस पर आयोजन

नागपुर, 2 अक्टूबर. कोल इंडिया लिमिटेड के 51 वें स्थापना दिवस पर वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (वेकोलि) को 4 कॉरपोरेट अवार्ड तथा 6 व्यक्तिगत उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया.

एक नवम्बर को आयोजित स्थापना दिवस के कार्यक्रम में वेकोलि को भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वासके लिए प्रथम पुरस्कार, पर्यावरण प्रबंधन के लिए द्वितीय पुरस्कार, सीएसआर उत्कृष्टता के लिए द्वितीय पुरस्कार व स्टार रेटिंग सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली अनुषंगी कंपनीके लिए तृतीय पुरस्कार से सम्मानित किया गया. उक्त पुरस्कार

कोलकाता में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्य अतिथि सीआईएल चेयरमैन सनोज झा के कर कमलों से सीएमडी जेपी द्विवेदी, निदेशक तकनीकी आनंदजी प्रसाद, निदेशक डॉ. हेमंत शरद पांडे ने ग्रहण किए. सीएमडी जेपी द्विवेदी ने इन उपलब्धियों का श्रेय पूरी टीम वेकोलि को दिया. व्यक्तिगत पुरस्कारों में सीआईएल मुख्यालय, कोलकता में आयोजित कार्यक्रम में वेकोलि को 6 व्यक्तिगत उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया. इन पुरस्कारों में वेकोलि, बल्लारपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक इल्यास हुसेन को सर्वोत्कृष्ट क्षेत्रीय महाप्रबंधक, महाप्रबंधक, वेकोलि मुख्यालय, राकेश प्रसाद को सर्वोत्कृष्ट विभागाध्यक्ष आदि को सतर्कता उत्कृष्टता अवार्ड से सम्मानित किया गया.

वुलिन ने दी चेतावनी, बोले- रूसी संपत्ति जब्ती पर सख्त कदम

बेलग्रेड, 2 नवंबर. रूस में सोशलिस्ट पार्टी आंदोलन के संस्थापक अलेक्जेंडर वुलिन ने कहा कि यूरोपीय संघ उस स्थिति में रूसी संपत्तियों को जब्त करने की हिम्मत नहीं करेगा जब उसे कड़ी प्रतिक्रिया मिलने की आशंका होगी. उन्होंने ये बातें आरआईए नोवोस्ती एक साक्षात्कार में कही. यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन ने सितंबर में रूस की ज़ब्त संपत्तियों का उपयोग करके यूक्रेन को एक नया ऋण आवंटित करने का प्रस्ताव रखा था. लेयेन के अनुसार, यूक्रेन तभी ऋण चुकाएगा जब रूस हर्जाना भरेगा.हालांकि यूरोपीय संघ में इस ऋण पर आम सहमति नहीं है.

एक नजर में

मैक्सिको के स्टोर में विस्फोट से 22 की मौत

मैक्सिको सिटी, 02 नवंबर. मेक्सिको के हर्मोसिलो शहर में एक स्टोर में हुए विस्फोट में चार बच्चों सहित 22 लोगों की मौत हो गई और 12 अन्य घायल हो गए. रिपोर्ट के अनुसार यह विस्फोट वाल्डो रिटेल श्रृंखला के एक आउटलेट में हुआ था, जिसके बाद इमारत में आग लग गई. घटना की जानकारी मिलने के बाद बचाव दल और अग्निशमन कर्मी आग पर काबू पाने एवं पीड़ितों की सहायता के लिए तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे. घायलों की हालत गंभीर है. प्रारंभिक जानकारी के अनुसार विस्फोट स्टोर के पास खड़ी एक कार में हुआ और अभी तक इसके वास्तविक कारणों का पता नहीं लगा है.

60 के हुए बॉलीवुड के किंग खान

मुंबई, 02 नवंबर. बॉलीवुड के जानेमाने अभिनेता और फिल्मकार शाहरुख खान आज 60 वर्ष के हो गए हैं. 2 नवंबर 1965 को दिल्ली में जन्में शाहरुख खान के पिता ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हुए थे. अभिनय से जुड़ने और संचार की विभिन्न विधाओं को नजदीक से समझने के लिए शाहरूख ने जामिया मिलिया इस्लामिया विश्वविद्यालय से स्नातकोत्तर की उपाधि ग्रहण की. वर्ष 1988 में शाहरुख खान ने बतौर अभिनेता छोटे पर्दे के धारावाहिक फौजी से अपने कैरियर की शुरुआत की. शाहरुख खान अपने सिने कैरियर में आठ बार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के फिल्म फेयर पुरस्कार से नवाजे जा चुके है. शाहरुख के कैरियर में उनकी जोड़ी अभिनेत्री काजोल के साथ खूब जमी.

एक्टर पंकज त्रिपाठी की मां का निधन

नई दिल्ली, 2 नवंबर. एक्टर पंकज त्रिपाठी की मां हेमवंती देवी का निधन हो गया है. वह बिहार के गोपालगंज जिले में अभिनेता के गृहनगर बेलसंड में रहती थीं. अभिनेता की टीम ने उनके और उनके परिवार की ओर से एक बयान जारी कर उनके निधन की सूचना दी. वह 89 साल की थीं. हेमवंती का अंतिम संस्कार बेलसंड में परिवार के करीबी सदस्यों, रिश्तेदारों और दोस्तों की मौजूदगी में हुआ. पंकज त्रिपाठी अपनी माता के अंतिम क्षणों में उनके पास ही मौजूद थे.

कैरेबियाई सागर में अमेरिकी हमला

▶ राष्ट्रपति के आदेश पर हमले में तीन की मौत

नई दिल्ली, 02 नवंबर. कैरेबियाई सागर में एक और जहाज पर अमेरिका के हवाई हमले में कम से कम तीन लोगों की मौत हो गयी है.अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने शनिवार देर रात सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर इसकी पुष्टि की. उन्होंने कहा कि यह हमला राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के आदेश पर किया गया और इसका निशाना एक ऐसा जहाज़ था जो अमेरिकी खुफिया एजेंसियों के अनुसार अवैध नशीले पदार्थों की तस्करी में शामिल था.

हेगसेथ ने बताया कि हमले में तीन व्यक्ति मारे गए. यह हमला अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र में हुआ और किसी अमेरिकी सैनिक को कोई नुकसान नहीं पहुंचा. उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिकी रक्षा विभाग इन लोगों को उसी तरह से निशाना बनाएगा जैसे उसने अल-कायदा के आतंकवादियों को बनाया था. उन्होंने इन मारे लोगों को %नार्को आतंकी% की संज्ञा दी.यह हमला पिछले सप्ताह किए गए तीन हमलों की श्रृंखला का हिस्सा है. सितंबर से शुरू हुए इस अमेरिकी ऑपरेशन में अब तक वेनेजुएला और कोलंबिया के नागरिक सहित 62 से अधिक लोग मारे जा चुके हैं. इस दौरान 14 जहाज़ और एक पनडुब्बी नष्ट हुयी है.अमेरिका का दावा है कि ये सभी अभियान ड्रग्स तस्करी रोकने के लिए हैं.

आलोचकों का कहना है कि ये हमले अंतरराष्ट्रीय कानून का उल्लंघन करते हैं. संयुक्त राष्ट्र के मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने इन हमलों की निंदा करते हुए कहा कि यह अस्वीकार्य है .उधर, अमेरिका ने कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेत्रो पर आरोप लगाया है कि उन्होंने अपने देश में ड्रग कार्टेल्स को फलने-फूलने दिया. इसके साथ ही अमेरिका ने कैरेबियाई क्षेत्र में सैनिकों, विमानों और युद्धपोतों की तैनाती भी बढ़ा दी है. उसने दुनिया के सबसे बड़ेयुद्धपोत यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड को इस क्षेत्र में भेजा है.

आज का इतिहास

1493	क्रिस्टोफर कोलंबस ने डोमिनिका द्वीप की खोज
1618	छठे मुगल बादशाह औरंगजेब का जन्म.
1655	इंग्लैंड और फ्रांस ने सैन्य और आर्थिक समझौतों पर हस्ताक्षर किये.
1762	ब्रिटेन और स्पेन के बीच पेरिस की संधि हुई.
1796	जॉन एडम्स अमेरिका के राष्ट्रपति चुने गये.
1857	नानाराव की मथुरा स्थित संपत्ति को ध्वस्त करने के लिये के आदेश-
1869	कनाडा में हैमिल्टन फुटबॉल क्लब अस्तित्व में आया.

हादसे में 18 श्रद्धालुओं की मौत

जोधपुर, 2 नवंबर. राजस्थान के फलोदी जिले के मतोड़ा थाना क्षेत्र में भारतमाला एक्सप्रेसवे पर रविवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया.

जोधपुर के सूरसागर निवासी 18 लोग कोलायत मंदिर के दर्शन कर टेंपो ट्रैवलर से लौट रहे थे. हनुमान सागर चौराहे के पास तेज रफ्तार टेंपो ट्रैवलर अचानक खड़े ट्रक में घुस गई. हादसे में 18 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. फलोदी की पुलिस ने कहा कि हादसे में 15 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई. 3 घायलों को तुरंत ओसियां अस्पताल भेजा गया, जहां से उन्हें ग्रीन कॉरिडोर बनाकर जोधपुर रेफर किया गया. लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले उन्होंने भी दम तोड़ दिया. टक्कर

इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो ट्रैवलर पूरी तरह चकनाचूर हो गया. कई शव टेंपो ट्रैवलर के सीटों और लोहे में बुरी तरह फंसे गए, जिन्हें निकालने में पुलिस और स्थानीय लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ी.

पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट भंग करने पर भड़के केजरीवाल

नई दिल्ली, 2 नवम्बर. पंजाब यूनिवर्सिटी की सीनेट भंग करने और उसमें राज्य की भागीदारी समाप्त करने के केंद्र सरकार के फैसले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने इस मुद्दे पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा बीजेपी पंजाब से नफ़रत करती है। एक-एक करके हर क्षेत्र में पंजाब के हक छीने जा रहे हैं. पंजाब यूनिवर्सिटी सीनेट को भंग कर उसमें पंजाब की भागीदारी समाप्त करने के बीजेपी के फैसले की हम कड़ी निंदा करते हैं. हम पंजाब के साथ किसी भी तरह की धक्केशाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेंगे. केजरीवाल ने आगे कहा कि केंद्र सरकार का यह निर्णय संविधान की भावना और संघीय ढांचे के खिलाफ है. आम आदमी पार्टी नेताओं का कहना है कि पंजाब यूनिवर्सिटी, राज्य की ऐतिहासिक और शैक्षणिक पहचान का प्रतीक रही है, जिसे कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है.

शासन परिवर्तन की अमेरिकी रणनीति अब समाप्त : तुलसी गबार्ड

मनामा, 2 नवंबर. अमेरिकी खुफिया विभाग की प्रमुख तुलसी गबार्ड ने अमेरिका द्वारा दूसरे देशों में सत्ता परिवर्तन के इतिहास को स्वीकार करते हुए कहा है कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शासन काल में अब यह रणनीति खत्म हो गयी है. सुश्री गबार्ड ने शनिवार को बहरीन में 21वें मनामा संवाद में दावा किया कि अपने पूर्ववर्तियों के विपरीत ट्रंप प्रशासन तख्ता पलट की बजाय कूटनीति और आपसी समझौतों को प्राथमिकता देता है. उन्होंने कहा, हमें उम्मीद है कि अमेरिका की पुरानी सोच अब पीछे छूट गई है और यही हमें बहुत लंबे समय से पीछे धकेल रही है.

ईरान दो हफ्तों में बम बना सकता है : लारीजानी

ईरान के पूर्व अधिकारी का बयान आया सामने

तेहरान, 02 नवंबर. ईरान के पूर्व वरिष्ठ न्यायिक अधिकारी मोहम्मद-जवाद लारीजानी ने कहा है कि ईरान दो हफ्तों में परमाणु बम बनाने की क्षमता रखता है लेकिन फिर भी वह ऐसा नहीं करने का विकल्प चुनता है.

लारीजानी ने कहा कि ईरान के सर्वोच्च नेता अली ख़ामेनेई ने परमाणु हथियारों के विरुद्ध जारी फतवा जारी किया है जो मजबूत शिया न्यायशास्त्र पर आधारित है.खामनेई के शीर्ष सलाहकार रहे श्री लारीजानी ने कहा कि वह एक निवारक शक्ति के रूप में ईरान के परमाणु कार्यक्रम के विस्तार का

समर्थन करते हैं लेकिन परमाणु हथियार बनाने का समर्थन नहीं करते. उन्होंने 2015 के परमाणु समझौते की तीखी आलोचना करते हुये कहा कि संयुक्त व्यापक कार्य योजना (जेसीपीओए) के तथाकथित कूटनीति सिद्धांत ने ईरान को संकट की ओर धकेल दिया है.उन्होंने कहा रियायतों के बदले अधिकारों पर आधारित जेसीपीओए के सिद्धांत ऐसे हैं जैसे एक अधिकार को पाने के लिए दूसरे अधिकार को खो देना.

विश्लेषकों ने खामेनेई के तथाकथित फतवे की प्रामाणिकता और कानूनी मान्यता पर भी सवाल उठाये हैं .अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञों का कहना है कि ईरानी रुख़ कूटनीतिक प्रयासों को जटिल बनाता है क्योंकि ईरान परमाणु हथियारों को विकसित कर लेने की क्षमता के होने का दावा भी करता है और इस पर भी जोर देता है कि वह स्वेच्छा से ऐसा नहीं करता है.

उल्लेखनीय है कि यह टिप्पणी ईरान के परमाणु कार्यक्रम की अंतर्राष्ट्रीय जांच के बीच आयी है. जहां परमाणु संवर्धन के स्तर और उसके भंडार पर लगातार सवाल उठाए जा रहे हैं.

इतिहास रचा ▶ इस्पात जगत में बोकारो स्टील लाई महाक्रांति

इलेक्ट्रिक वाहनों के लिए देश में पहली बार बीएसएल ने बनाया खास स्टील

बोकारो, 2 नवंबर. कृषि उपकरणों के लिए बोरोन मैगजीन वाले इस्पात के बाद अब बोकारो स्टील प्लांट (बीएसएल) ने एक ऐसी धमाकेदार उपलब्धि हासिल की है जिसने देश के औद्योगिक परिदृश्य में भूचाल ला दिया है.



अब तक आयात पर निर्भर रहने वाले एक अत्यंत महत्वपूर्ण स्टील ग्रेड को सेल-बीएसएल ने पहली बार स्वदेश में विकसित कर लिया है यह है इलेक्ट्रिक मोटरों और ईवी (ईवी) के लिए स्पेशल ग्रेड इलेक्ट्रिकल स्टील. यह सिर्फ एक उत्पादन नहीं, बल्कि आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियानों की सबसे बड़ी दहाड़ है. इस स्पेशल स्टील (आईएस-18316 के तहत नॉन ग्रेन ओरिएंटेड इलेक्ट्रिकल स्टील) का सफल विकास बीएसएल की तकनीकी क्षमता का ऐसा प्रमाण है कि यह इसे दुनिया के चुनिंदा राष्ट्रों की कतार में खड़ा कर देता है. कल्पना कीजिए, जिस हाई-ग्रेड स्टील के लिए भारत विदेशी दरवाज़ों पर खड़ा रहता था, उसका 1100 टन का पहला ट्रायल बैच बोकारो ने धड़ल्ले से उत्पादित कर दिया है.

हाइब्रिड कारें सबसे बड़ा बाजार

विद्युत इस्पात का उपयोग सीधे बिजली के उपकरणों के कोर बनाने में होगा, जहां विद्युत-चुंबकीय क्षेत्र में निरंतर बदलाव होता है. इसकी बेजोड़ विद्युत-चुंबकीय धर्मिता बिजली की ऊर्जा को न्यूनतम हानि के साथ रूपांतरित करती है. लेकिन सबसे बड़ा बाजार है भविष्य की इलेक्ट्रिक तथा हाइब्रिड कारें. बोकारो ने समय की नब्ज पहचान कर बाजार को साधने क्रांतिकारी उत्पाद विकसित किया है.

महासंगम से ऐसे बनाया खास स्टील

बोकारो स्टील के संचार प्रमुख मणिकांत धान के अनुसार, यह कोई साधारण स्टील नहीं है, यह विज्ञान और इंजीनियरिंग का महासंगम है. बीएसएल के वैज्ञानिकों ने इसे तैयार करने के लिए एक जटिल लेकिन सटीक प्रक्रिया अपनाई है. एसएमएस-2 में इसे एक विशिष्ट संरचना में ढाला जाता है, जहाँ कार्बन की मात्रा को नगण्य रखा जाता है— ठीक एक धागे जैसी लचीलता (डक्टिलिटी) पाने के लिए.

किशोर ने अपने भाई और प्रेग्नेंट भाभी को मार डाला

राजकोट, 02 नवंबर. गुजरात के जूनागढ़ शहर से लगभग 50 किलोमीटर दूर शोभावदला गांव के खोडियार आश्रम में एक बेहद चौंकाने वाली घटना सामने आई है. 15 साल के एक लड़के ने पुलिस पूछताछ में जो कुछ कबूल किया, उसे सुनकर कोई भी हैरान रह जाए.

आरोपी ने पहले अपने बड़े भाई को पीट-पीटकर मार डाला और फिर डरी-सहमी गर्भवती भाभी का रेप किया. इसके बाद उसने भाभी को भी बेहद क्रूर तरीके से मार डाला. परिवार मूल रूप से बिहार का रहने वाला बताया जा रहा है. पुलिस ने नाबालिग आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया. मृतकों की पहचान शिवमगिरी (22 साल) और उसकी पत्नी, कंचन कुमारी (19) के रूप में की गई. शिवमगिरी इलेक्ट्रीशियन का काम करता था. जबकि आरोपी आश्रम की देखभाल और गोशाला में गायों की सेवा करता था. आरोपी ने महिला के पेट पर इतनी जोर से लात मारी कि उसका 6 महीने का बच्चा गर्भ से बाहर निकल गया. घटना 16 अक्टूबर की बताई जा रही है. आरोपी ने भाई-भाभी के शवों को नग्न कर घर में दफना दिया था. उसने दोनों के कपड़ों में आग लगा दी.

ईरान में घुसपैठ की कोशिश, अफगान बलों ने 144 को पकड़ा

काबुल, 2 नवंबर. अफ़ग़ानिस्तानी सुरक्षा बलों ने सीमा पार कर पड़ोसी देश ईरान में अवैध रूप से घुसपैठ करने की कोशिश करने के आरोप में 144 लोगों को गिरफ़्तार किया है. सेना ने रविवार को एक बयान में कहा कि अफ़ग़ानिस्तान के पश्चिमी हेरात प्रांत में तैनात सैन्य कर्मियों द्वारा गिरफ़्तार किए गए लोगों में दो संदिग्ध मानव तस्कर भी शामिल हैं. बयान में कहा गया है कि सीमा सुरक्षा को मज़बूत करने और सीमाओं के पार अवैध आवाजाही को रोकने के उद्देश्य से सुरक्षा बल इस तरह के अभियान जारी रखेंगे.